प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

26 जुलाई 2024

विनियामक सैंडबॉक्स – पांचवां कोहोर्ट (विषय तटस्थ) – जांच चरण

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 27 अक्तूबर 2023 की प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से विनियामक सैंडबॉक्स के अंतर्गत पांचवें कोहोर्ट (विषय तटस्थ) की शुरुआत की घोषणा की थी।

2. रिज़र्व बैंक को 22 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से पाँच को 'जांच चरण' के लिए चुना गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, संस्थाएँ अगस्त 2024 से अपने समाधानों का जांच शुरू करेंगी:

क्र. सं.	सैंडबॉक्स संस्था	विवरण
1	कनेक्टिंगडॉट कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड	इस समाधान का उद्देश्य ऋण पोर्टफोलियो को उच्च, मध्यम और निम्न जोखिम श्रेणियों में विभाजित करके ऋण व्यतिक्रम (चूक) का पूर्वानुमान लगाने में उच्च सटीकता प्रदान करना है। यह समाधान उधारकर्ता के चूक के कारण बताता है और जोखिम शमन में सुधार के लिए बैंकों/ उधारदाताओं को उधारकर्ता विशिष्ट मार्गों की सिफारिश करता है।
2	एपिफी टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमिटेड	यह समाधान वीडियो केवाईसी और पहचान सत्यापन के माध्यम से एनआरई/एनआरओ खातों को डिजिटल रूप से खोलने की अनुमति देता है, जिससे एनआरआई के लिए खाता खोलने का सहज अनुभव संभव हो जाता है। इस समाधान से लागत, टर्नअराउंड समय को कम करके और भौतिक दस्तावेज़ीकरण और सत्यापन की आवश्यकता को समाप्त करके दक्षता लाने की आशा है।
3	फिननैग टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमिटेड	यह समाधान ब्लॉकचेन आधारित डीप टियर वेंडर फाइनेंसिंग समाधान है जो एमएसएमई के लिए वित्तपोषण को सक्षम बनाता है, जो बड़े उद्यमों की खरीद आपूर्ति शृंखला का हिस्सा हैं जिन्हें आमतौर पर एंकर के रूप में जाना जाता है। यह समाधान एंकर से प्राप्तियों को ब्लॉकचेन आधारित टोकन में परिवर्तित करने में सक्षम बनाता है जिसे एमएसएमई द्वारा बैंकों/ एनबीएफसी से ऋण प्राप्त करने के लिए भुनाया जा सकता है। समाधान का उद्देश्य निचले स्तर/ छोटे एमएसएमई के लिए आसान और किफायती ऋण सुलभ बनाना है।
4	इंडियन बैंक्स डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी (आईबीडीआईसी) प्राइवेट लिमिटेड	ब्लॉकचेन और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट द्वारा संचालित डीप टियर फाइनेंसिंग समाधान एमएसएमई को सक्षम बनाता है, जो ऋणयोग्य एंकर की आपूर्ति शृंखला का हिस्सा हैं, ताकि वे अपने मूल्य संवर्धन से जुड़े किफायती वित्त तक पहुँच प्राप्त कर सकें। एंकर द्वारा स्वीकार किए गए ओईएम के बीजक को टोकनीकृत किया जाता है और प्लेटफ़ॉर्म स्वीकृत बीजक के भुगतान के सापेक्ष क्रेता द्वारा विक्रेता को इन टोकन के अंतरण की सुविधा प्रदान

		करता है। ऋणदाता इस प्लेटफ़ॉर्म पर इन टोकन के बदले आपूर्तिकर्ता को डिजिटल रूप से निधि प्रदान करते हैं। समाधान का उद्देश्य निचले स्तर/ छोटे एमएसएमई के लिए आसान और किफायती ऋण सुलभ बनाना है।
5	सिगन्ज़ी टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमिटेड	यह समाधान एक बिना सहायता वाला वीडियो केवाईसी समाधान प्रदान करता है जो उपयोगकर्ताओं को विनियमित संस्थाओं के अधिकारियों की सहभागिता के बिना स्वतंत्र रूप से वीडियो केवाईसी चरणों को पूरा करने की अनुमति देता है। इस समाधान में समय कम करने, सफलता दर बढ़ाने, ग्राहकों के ड्रॉप-ऑफ को काफी कम करने तथा ग्राहकों और विनियमित संस्थाओं दोनों के लिए एक सहज और कुशल केवाईसी अनुभव सुनिश्चित करने की परिकल्पना की गई है।

(पुनीत पंचोली)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/780

मुख्य महाप्रबंधक